वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत): (क) जी, हां।

(ख) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क पुनर्गठन समिति की रिपोर्ट में की गई विभिन्न सिफारिशों पर सरकार द्वारा लिये गये निर्णय 19 दिसम्बर, 1963 को सदन की मेज़ पर रख दिये गये थे। कृपया संसद् लायब्रेरी संख्या एल० टी० 2186/63 देखें।

(ग) जी हां, परन्तु सरकार ने इस विशेष सिफारिश को स्वीकार करना सम्भव नहीं पाया।

(घ) उक्त सिफारिश सरकार द्वारा स्वीकार नहीं की गई क्योंकि सरकार ने ऐसा महसूस किया कि केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के उप-निरीक्षक ग्रेड को निरीक्षक ग्रेड से बिल्कुल अलग तौर पर चालू रखना बहुत वाजिब है, क्योंकि साधारणतया वे कम जिम्मेदारी वाले कामों पर तैनात किये जाते हैं और प्रशासनिक आवश्यकताओं की दृष्टि से भी उप-निरीक्षकों के ग्रेड को चालू रखना वाजिब समझा गया।

अगरतला में बिस्कुट खाने के बाद मृत्यु

*1113. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 16 मार्च, 1966 को खोकई, अगरतला में वहां पर बने हुए बिस्कुट खाने के परिणामस्वरूप 11 व्यक्ति मर गये तथा 240 व्यक्ति बीमार हो गये थे ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ; और

(ग) बिस्कुट फैक्टरी के मालिक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री (डा० सुशीला नायर) :(क) और (ख) त्रिपुरा के खोकई नगर में एक स्थानीय बेकरी के बने बिस्कुटों को खाने से हुई विषाक्तता के कारण लगभग 310 व्यक्ति बीमार पड़े और 11 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।

(ग) चार व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और पुलिस बेकरी के मालिक की तलाश कर रही है, जो भागा हुआ है।

Control of Brahmaputra River

*1114. **Shri N. R. Laskar:**
Shri Liladhar Kotoki:
Shrimati Jyotsna Chanda:

Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the U.S. Expert, Dr. I. Burton, has recommended the preparation of an integrated multi-purpose plan to control and develop the Brahmaputra river;

(b) whether Government have studied the recommendations; and

(c) if so, the reaction of Government thereto?

The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhruddin Ahmed): (a) Yes; Sir.

(b) and (c). Dr. Burton, who was invited by the Assam Government, has submitted his report to that Government. The Assam Government are examining the report.

रामकृष्णपुरम् के निकट झुग्गियां

*111. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री बड़े :

क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने रामकृष्णपुरम् के निकट मुहम्मदपुर गांव के झुग्गीवासियों को दुकानें देने का निश्चय किया है ;